तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 1 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 सद्बुद्धि व सत्कर्म के माध्यम से होगा युग परिवर्तन





10 शहर से दूर ऐसा धरनास्थल, जहां न ...




## खबर संक्षेप

### नए थाना प्रभारी मनीष ने ग्रहण किया पदभार

**डोंडी।** नये थाना प्रभारी मनीष शेंडे ने डोंडी थाने में पदभार ग्रहण कर लिया है। अर्जुंदा थाने से स्थानांतरित हो कर आये थाना प्रभारी मनीष शेंडे ने हरिभूमि से सौजन्य मुलाकात के दौरान कहा कि फरियादी की समस्याओं के त्वरित निराकरण करना एवं विधि व्यवस्था और शांति बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। प्रबुद्ध लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति कायम कर अपराध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की कोशिश रहेगी।

### नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में शामिल होंगे सरपंच लीलाराम

**बालोद।** जन योजना अभियान अंतर्गत जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण के लिए आयोजित कार्यशाला के लिए सरपंच ग्राम पंचायत करहीभदर लीलाराम डड़सेना का चयन हुआ है। इसके लिए सरपंच लीला राम डड़सेना डॉक्टर अम्बेडकर अंतराष्ट्रीय केन्द्र नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में सम्मिलित हो रहे हैं।

### अपने घर के बाथरूम में बहोश मिला युवक, मौत

**डौंडीलोहारा।** मामला समीप के ग्राम बड़गांव का है जहां युवक अपने घर के बाथरूम में बेहोशी की हालत में मिला। परिजनों ने उसे नगर के शासकीय अस्पताल में लेकर आए जहां पर परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना शनिवार को सुबह लगभग साढ़े सात बजे की है, जब अजय कुमार पटेल 24 वर्ष अपने ही घर के बाथरूम में बेहोशी की हालत में परिजनों ने देखा व आनन फानन में उसे नगर के अस्पताल में लेकर आए थे। टीआई एलपी जायसवाल ने परिजनों के हवाले से बताया कि युवक को सुबह सुबह जल्दी उठने की आदत थी व वह वाकिंग रनिंग आदि के लिए नियमित जाता था। संभवतः डेली रूटीन के अनुसार वह उठकर बाथरूम में गया होगा औऱ यह घटना घट गई होगी। मौत के सही कारण का पता तो पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चलेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### बटरेल में रामधुनी प्रतियोगिता कल

**जामगांव आर।** बटरेल में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे, जो ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित विकासकार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे। अध्यक्षता पूर्व विधायक डा दयाराम साहू करेंगे।

### चिलमगोटा (रेंगाडबरी) में कबड्डी स्पर्धा आज

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम चिलमगोटा (रेंगाडबरी) में एक दिवसीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर को युवा आल्हा कबड्डी समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा किया गया है। प्रवेश शुल्क 251 रूपए रखा गया है।

### बच्चों ने विज्ञान नाटिका में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**बालोद।** स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद के छात्र छात्राओं ने जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में विज्ञान नाटिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान नाटिका मिलेट कैफे अनाज की वैज्ञानिक गुणवत्ता पर आधारित है, मिलेट्स के फायदे कोदो, बाजरा, ज्वार, रागी के सेवन से हम कई रोगों जैसे कैंसर, डायबिटीज, दिल संबंधी बीमारियों से मुक्त हो सकते हैं। नाटक में मिलेट कैफे का वेटर रोचक जानकारी अपने ग्राहकों को देता है। इस विज्ञान नाटिका का निर्देशन प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने किया है। प्रतिभागी छात्र छात्राओं आदर्श यादव, सौमिक्षा, नव्या, मयंक, तुषार, भीषम, बालकृष्ण, विकास ने मिलेट पात्रों का अभिनय किया है।

**कार्रवाई :** ग्राम पथर्रा में प्लांट का विरोध कर रहे ग्रामीणों का भड़का आक्रोश

# चार ग्रामीणों को गिरफ्तार कर ले गई पुलिस, ट्रैक्टर से मुख्यालय पहुंचे आंदोलनकारी, देर रात मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

एथेनाल प्लांट को बंद करने ग्रामीण जहां आंदोलन के आठवें दिन भी जहां डटे रहे, वहीं चार आंदोलनकारी ग्रामीणों को पुलिस द्वारा प्रतिबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश करने की खबर से बवाल मच गया। इसकी जानकारी मिलते ही आंदोलनकारी जिला मुख्यालय व जिला उपजेल पहुंच गए और देर रात तक वहीं जमावड़ा लगा रहा।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह ग्राम पथर्रा के आंदोलनकारी ग्रामीण लेमन साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर धारा 151 के तहत जेल भेज दिया। वहीं, सोमवार को प्रेमू साहू, मंत्त राम साहू और सत्यनारायण यदु पंच को भी सुबह गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों की गिरफ्तारी की बात सामने आते ही आंदोलन कर रहे किसानों व ग्रामीण आक्रोशित हो गए। सभी आंदोलनकारी जिला मुख्यालय पहुंचे और जमानत याचिका लगाई, परंतु दिन भर बीत जाने के बावजूद एसडीएम न्यायालय से जमानत नहीं दी गई। इस बात की खबर आंदोलन स्थान में दी गई।

उसके बाद आंदोलन स्थल से ग्रामीण ट्रैक्टरों में भरकर बेमेतरा की ओर कूच करने लगे। वहीं, आंदोलनकारियों के ट्रैक्टर पर सवार होकर जिला मुख्यालय आने की जानकारी मिलते ही प्रशासन में हलचल मच गई और देर शाम एसडीएम ने जमानत दे दी। ज़मानत होने पर भारी संख्या में लोग उप जेल के सामने है देर रात तक डटे रहे। बताया जाता है कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा बस में तोड़फोड़ के आरोप में चार ग्रामीणों को जेल में डलवाया गया। आंदोलनस्थल से उपजेल के पास भारी संख्या में पहुंचे कर ग्रामीण महिलाएं किसान नारेबाजी करते रहे।

**खास बातें**

- देर शाम तक सैकड़ों की संख्या में एसडीएम कार्यालय व उप जेल में मौजूद रहे ग्रामीण
- आंदोलनकारियों ने लगाया आरोप, उद्योगपति के इशारे पर निर्दोष किसानों को फंसा रही पुलिस



### स्वयं शांति भंग करने में जुटी पुलिस : सुरीत

किसान नेता सुरीत साहू ने कहा कि प्लांट मालिक रोहित सचदेवा द्वारा महिलाओं से किए गए अश्लील हरकत और कार से रौंदने की घटना तथा महिलाओं के वीडियो पर कार्रवाई करना छोड़ कर सीधे-साधे किसानों पर कार्रवाई की जा रही है। इस तरह पुलिस प्रशासन शांति पूर्ण आंदोलन में विध्न पैदा कर स्वयं शांति भंग करने का प्रयास कर रही है, और इसी के सहारे आंदोलन को कुचलने का षड्यंत्र कर रही है, जिसे सफल नहीं होने देंगे।

### किसानों को डराने-धमकाने में लगा प्रशासन

इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर अपना आक्रोश जताते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन समस्या को सुलझाने के बजाय, ग्रामीणों को डराने धमकाने में लगा हुआ है। पुलिसिया कार्रवाई से अंदर खाने लोगों में भयंकर आक्रोश पनप रहा है। जनपद सदस्य सिद्दीक खान, किसान नेता प्रमील तिवारी, अजिताभ मिश्रा ने कहा कि धारा 151 के तहत कार्रवाई कर निर्दोष ग्रामीणों को जेल में डाला जा रहा है, जबकि लठैत लेकर घूम रहे उद्योगपति पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। किसान पुत्र कहने वाले बेमेतरा की इस कार्य शैली से लोगों में आक्रोश पूरे चरम पर पहुंच चुका है। दो दिन से शांतिपूर्ण आंदोलन को उद्योग पति के इशारे पर पुलिस प्रशासन भोले भाले ग्रामीण किसानों को थाने में दिन भर बैठा कर,डराने धमकाने पर उतर आई है।

# मेडिकल स्टोर्स में छापा, नहीं मिले दस्तावेज, प्रशासन ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/नवागढ़

शनिवार को ग्राम मुरता में नशे की गोली का सेवन करने से मासूम बच्ची की मानसिक हालत बिगड़ने के बाद नशाखोरी को लेकर ग्रामवासियों का आक्रोश सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर आनन-फानन में प्रशासन ने गांव के मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर एक मेडिकल स्टोर को सील भी कर दिया है। वहीं, आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम स्तर पर बैठक कर नशे के विरुद्ध विभिन्न स्तर पर दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

- नवागढ़ विकासखंड के ग्राम मुरता में नशाखोरी के खिलाफ ग्रामीणों में भड़का आक्रोश

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की शाम 16 साल की एक बालिका ने नशे की गोली का सेवन कर लिया। इससे उसकी मानसिक हालत बिगड़ती चली गई और वह घर में उलजुलूल बातें करने लगी। हालत देख परिजनों ने इसकी सूचना नवागढ़ थाने में दी और उसे नवागढ़ सरकारी अस्पताल ले गए। बालिका की मानसिक स्थिति बिगड़ती देख उसे बेमेतरा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां भी उसे राहत नहीं मिली। फिलहाल



उसका इलाज संेदरी बिलासपुर अस्पताल में किया जा रहा है। 16 साल की बालिका को नशे की गोली कहां से मिली कैसे मिली इसको लेकर ग्रामवासियों में जमकर आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत नवागढ़ एसडीएम से की। तब नवागढ़ एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर संयुक्त रूप से गांव के क्लीनिक एवं मेडिकल स्टोर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान ग्राम मुरता में संचालित शिवम हॉस्पिटल और वहीं संचालित मेडिकल स्टोर में प्रशासन द्वारा मांगे जाने पर वह वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके कारण प्रशासन की टीम ने उपरोक्त नर्सिंग होम एक्ट के तहत अस्पताल एवं मेडिकल स्टोर को तत्काल सील कर दिया। इसके साथ ही कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

### नशाखोरी की तो 51 हजार तक जुर्माना

उधर, गांव में बढ़ती नशाखोरी से परेशान ग्रामीणों ने रविवार शाम गांव स्तर पर बैठक कर नशाखोरी के खिलाफ विभिन्न दंड का प्रावधान किया है। इसके तहत 51 हजार रुपये तक के जुर्माना का प्रावधान किया गया है। उक्त निर्णय की सूचना मुनादी के माध्यम से पूरे गांव में करवा दी गई है।

**मेडिकल स्टोर सील**

ग्राम मूरता में लगातार नशाखोरी की शिकायत मिल रही थी। इस पर टीम गठित कर छापेमारी की कार्रवाई की गई। इस दौरान एक मेडिकल स्टोर संचालक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कर पाया। इसलिए उसे सील कर दिया गया है।

- **मुकेश कुमार** एसडीएम नवागढ़।

**बहुत ज्यादा बिगड़ गई थी बालिका की स्थिति**

शनिवार की देर शाम एक बालिका को नवागढ़ अस्पताल लाया गया था, जिसकी मानसिक हालत काफी बिगड़ी हुई थी। परिजनों के मुताबिक बालिका ने काफी ज्यादा मात्रा में नशे की गोलियों का सेवन कर लिया था। उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था।

- **डॉ एमएम रज़ा,** बीएमओ नवागढ़।

**जिले से बालक-बालिका के अंडर 14 व अंडर 19 वर्ग में 30 खिलाड़ी हुए शामिल**

# राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल बॉल स्पर्धा में जेवरा स्कूल के खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कबीरधाम जिले में 26 से 29 सितम्बर तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग की अंडर 14,19 बालक व बालिका की टीम में शामिल बेमेतरा जिले कुल 30 खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

खिलाड़ियों ने सुपर लीग के अपने मैचों मे रायपुर, सरगुजा, बस्तर संभाग, बिलासपुर की टीमों को हराकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीत लिया। दुर्ग संभाग टीम के कोच एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा के व्यायाम शिक्षक



मृत्युंजय शर्मा ने बताया कि पदक विजेता इन टीमों में जेवरा विद्यालय के खिलाड़ियों में 14 वर्ष आयु वर्ग में जेवरा से कोमल पाटिल, राजू पाटिल, होमांशु पाटिल अनंत सिंग, सरिता सिन्हा जूही साहू, केवरा निषाद कुसुम निषाद, दीक्षा कोठरी, मीना, करीना शामिल हैं। वहीं, 19 वर्ष आयु वर्ग में कौशल कोसले, अमित पाटिल, शूभम ध्रुव, टिकेश्वर, नन्द कुमार, प्रियंका पाटिल, दिव्यानी निषाद, तारिणी यदु, चांदनी साहू, रितु साहू ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर पदक जीतने में सफल रहे। इनके अतिरिक्त बेमेतरा जिले के इंडियन पब्लिक स्कूल बेमेतरा से आरती साहू,शाउमावि कठिया से शेख आयान, शाउमावि जेवरी से ईश्वर निषाद,खेम यादव, रोशन साहू शा हाई स्कूल जिया से भूमिका ध्रुव , तनु यादव तथा ऐलन्स स्कूल से सूर्य प्रताप सिंग, रोहित मंडावी मनीषा पैंकरा भी टीम मे शामिल थे। खिलाड़ियों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में पदक जीतने पर ग्राम जेवरा की सरपंच संध्या सिंग, प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र पाटिल, समिति सदस्य उदय भास्कर सिंग, प्रबल सिंग ठाकुर, कठियाँ सेजेस स्कूल प्राचार्य ओ पी टंडन, व्यायाम शिक्षक दिनेश शर्मा, अरुण पाल, खेल प्रभारी प्रभात सिंग,शासकीय हाई स्कूल जिया स्कूल के प्राचार्य राज कुमार टंडन सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं किया, 62 मिलर्स को नोटिस

**बेमेतरा।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के दौरान समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही करने पर जिले के 62 पंजीकृत राईस मिलरों को कलेक्टर द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला बेमेतरा में कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन का लक्ष्य 257177 मे. टन रखा गया था, जिसके अंतर्गत अब तक केवल 121476 मे. टन चावल का उपार्जन हो पाया है। अभी भी 135340 मे. टन चावल का उपार्जन बाकी है। जिला खाद्य अधिकारी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि जिले के सभी पंजीकृत राईस मिलरों को शीघ्रता से चावल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि चावल उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता या देरी होने पर छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 और अन्य प्रचलित नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस सख्त कदम का उद्देश्य उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करना और किसानों को उचित समय पर उनके धान का मूल्य दिलाना है।

# प्रकृति थीम पर स्वच्छता ही सेवा पेंटिंग प्रतियोगिता आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत प्रकृति थीम पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 1 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे संयुक्त जिला कार्यालय (कलेक्टर कार्यालय) बेमेतरा में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में जिले के शासकीय और अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज़िला पंचायत बेमेतरा ने सभी स्कूलों के प्रधानपाठकों और प्राचार्यों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वे 6वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के सबसे अच्छी पेंटिंग करने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में अनिवार्य रूप से शामिल करें। प्रत्येक कक्षा से कम से कम एक विद्यार्थी की सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को पेंटिंग के लिए आवश्यक सामग्री ज़िला पंचायत द्वारा प्रदान की जाएगी। हालांकि प्रतिभागी अपने व्यक्तिगत सामग्री का भी उपयोग कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी रचनात्मक क्षमताओं को प्रकट करना है।

इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता और प्रकृति के महत्व को समझने और अपने विचारों को कलात्मक रूप से व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए जिले के सभी स्कूलों से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है।

**एक युद्ध नशे के विरूद्ध एवं बाल संरक्षण विषय पर हुई कार्यशाला**

# विद्यार्थियों को दी गई नशे से दूर रहने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

बेरला ब्लॉक के शासकीय नवीन महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेरला के विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय पोषण माह, एक युद्ध नशे के विरूद्ध, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन शक्ति आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बाल संरक्षण पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण का तात्पर्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य की सुरक्षा और उनके अधिकारों का संरक्षण करना है। साथ ही बच्चों को इसके उद्देश्यों के बारे में जानकारी साझा की गई।

बच्चों को शोषण और दुर्व्यवहार से बचाना, बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, बच्चों के शिक्षा और स्वास्थ्य की सुरक्षा करना, बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है। इसके अलावा बाल संरक्षण के महत्त्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालते हुए, बाल शोषण, बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल तस्करी की रोकथाम, बच्चों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण की स्थापना पर जोर देते हुए बाल संरक्षण के लिए कानूनी अधिनियमों की जानकारी दी गई।



**मुनगा के बताए गए लाभ :** कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत सुपोषण वृक्ष मुनगा के भाजी, सब्जी तथा पाउडर के सेवन से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। बेटी बचाओ बेटी पढाओ पर जानकारी साझा की गई। इसके साथ ही श्रम उप-निरीक्षक श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम प्रतिषेध एवं किशोर श्रम प्रतिषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पैरलीगल वालेंटियर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की ओर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय एवं विद्यालय के प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापक, प्राध्यापक, व्याख्याता एवं शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मोबाइल से बचें, मैदान में खेलें

परियोजना समन्वयक (सीएचएल) जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों पर होने वाली यौन शोषण से संरक्षण अधिनियम 2012 पर बालक एवं बालिकाओं को विस्तार से जानकारी दिया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही मोबाइल के मोह से बचकर रहने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बच्चे मोबाईल पर गेम न खेलें, बल्कि मैदान में वास्तविक खेल खेलें। इससे एक ओर जहां ज्यादा मोबाइल देखने के कारण होने वाली समस्याओं से बच सकेंगे, वहीं दूसरी ओर हम खेल में पारंगत होंगे और शारीरिक गतिविधियों के कारण बच्चे, कम उम्र में होने वाली बीमारियों से भी बच सकते हैं।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# सीमेंट कंपनियों ने नहीं मानी बात, नान ट्रेड सीमेंट के दाम नहीं लिए पूरी तरह वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश सरकार के कहने के बाद भी नान ट्रेड सीमेंट की कीमत को अब तक पूरी तरह से वापस नहीं लिया है। उद्योग मंत्री लखन देवांगन के साथ बैठक के बाद कंपनियों ने दूसरे दिन दाम 15 रुपए ही घटाए। इसके बाद बची 20 रुपए ज्यादा कीमत को अब तक कम नहीं किया गया है।

कंपनियां कीमत कम नहीं करना चाहतीं, क्योंकि कंपनियों ने डीलरों से कहा है कि प्रतिस्पर्धा के कारण रेट 210 रुपए कर दिया गया था। अब वापस इतना रेट घटाना संभव नहीं है। इसी के साथ खुले बाजार के सीमेंट की कीमत एक बार फिर से 1 अक्टूबर से बढ़ाने की तैयारी है। इसकी कीमत भले 50 रुपए कम कर दी गई है, लेकिन बिलिंग में कीमत कम नहीं की गई। डीलरों को स्कीम के माध्यम से कीमत करके दी जा रही है, लेकिन अब स्कीमों को अक्टूबर माह से एक के बाद एक बंद करने की तैयारी है। प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन देवांगन का कहना है, कंपनियों से बात की जाएगी, पूरी कीमत कम क्यों नहीं की गई है।

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां हमेशा से बेलगाम रही हैं। कभी भी कीमत बढ़ा दी जाती है। अक्सर मानसून के समय डिमांड न होने के बाद भी कीमत में इजाफा किया जाता है। इस बार भी 3 सितंबर को कीमत 50 रुपए बढ़ाई गई थी। इसके बाद हरिभूमि में लगातार खबरों के प्रकाशन और चौतरफा दबाव के चलते खुले बाजार के सीमेंट में 45 रुपए और नान ट्रेड में 15 रुपए कीमत कम की गई। इसके बाद 10 दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सीमेंट कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें पुरानी कीमत लागू करने के निर्देश दिए तथा उनको बताया गया कि प्रदेश सरकार किसी भी हाल में मनमर्जी बर्दाश्त नहीं करेगी। अब भविष्य में कीमत बढ़ाने से पहले सरकार को इसके कारण के साथ जानकारी देकर मंजूरी लेनी होगी।

## उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने कहा- कंपनियों से करेंगे बात

### नहीं की पूरी कीमत कम

सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी सीमेंट के दाम जितने बढ़ाए थे, उतने कम नहीं किए हैं। नान ट्रेड में बैठक के दूसरे दिन कीमत 15 रुपए और कम करके कीमत को 230 रुपए कर दिया गया। सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों को नान ट्रेड सीमेंट का काम करने वाले डीलर बता रहे हैं कि सीमेंट कंपनियों का कहना है कि हमने प्रतिस्पर्धा के चलते दाम 210 रुपए कर दिए थे, लेकिन अब वापस इतने दाम करना संभव नहीं है। अब कीमत 230 रुपए ही रहेगी।



### कंपनियों से पूछेंगे- पूरी कीमत कम क्यों नहीं की

कंपनियों से साथ बैठक में बढ़ाई गई पूरी कीमत कम करने की बात हुई है। कंपनियों ने अगर पूरी कीमत कम नहीं की है तो उनसे पूछा जाएगा कि पूरी कीमत कम क्यों नहीं की गई है।

**- लखन लाल देवांगन**
उद्योग मंत्री, छत्तीसगढ़

## खबर संक्षेप



### नरैया तालाब गार्डन की सफाई, किया श्रमदान

**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 और बंच ऑफ फूल्स, यंग इंडिया के स्वयंसेवकों ने मिलकर नरैया तालाब गार्डन की सफाई करने अभियान चलाया। इस दौरान गार्डन की सफाई कर कचरा उठाकर स्वच्छता कायम की। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इस कार्यक्रम में जोन-6 अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र चंद्राकर सहित जोन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सामूहिक श्राद्ध 2 को

**रायपुर।** सर्व पितृमोक्ष अमावस्या के मौके पर राजधानी के वीआईपी रोड स्थित साधक आश्रम में 2 अक्टूबर को सामूहिक श्राद्ध का आयोजन किया गया है। इसमें ऐसे लोग भी शामिल हो सकेंगे, जिन्हें अपने पितरों की तिथि याद नहीं है और वे पितृ तर्पण करना चाहते हैं। सामूहिक श्राद्ध के कार्यक्रम का समय सुबह 9.30 बजे से रखा गया है, जिसमें सामूहिक श्राद्ध, पितृ तर्पण किया जाएगा।

### गुपचुप दुकान में गंदगी, 7 हजार जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन-3 अमले ने शंकरनगर वार्ड क्षेत्र के साईं गुपचुप दुकान की सफाई व्यवस्था निरीक्षण किया। इस दौरान जनशिकायत सही पाए जाने पर दुकान संचालक पर 7 हजार रुपए जुर्माना किया। दुकान में गंदगी की शिकायत मिलने पर जोन कमिश्नर जसदेव बांबरा और नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम ने यह कार्यवाही की।

### वृद्धाश्रम कोटा में बुजुर्गों को बांटे कपड़े



**रायपुर।** पितृपक्ष के अवसर पर बढ़ते कदम के वृद्धाश्रम कोटा में वृद्धजन एवं माता-पिता, जो आश्रम में निवास करते हैं, उनके लिए वस्त्रों का वितरण किया गया। साथ ही अनुज सोनी द्वारा फल बांटे गए। सभी ने वृद्धजनों से आशीर्वचन लिया और उनसे मुलाकात कर हालचाल जाना। यह कार्यक्रम स्व. जगरखन सिंह राजपूत के पितृ श्राद्ध के अवसर पर उनके पुत्र नरेश सिंह राजपूत द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में रायपुर पश्चिम के मंडल अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर, समाज के प्रमुख रामावतार सिंह, सुरेश सिंह क्षत्रिय, संतोष सिंह राजपूत, दिलीप सिंह, अवधेश सिंह, छन्नी राजपूत, उषा साहू एवं समाज के सभी लोग उपस्थित थे।

## पंडाल में ही गुजर रहा दिन, बिछौना भी वहीं, राशन-पानी और चूल्हा लेकर आए प्रदर्शनकारी

# शहर से दूर ऐसा धरनास्थल, जहां न पानी की सुविधा न शौचालय, हक की आवाज बुलंद करने वाले परेशान

**प्रतीक्षालय में न लाइट, न पंखा, बिना दरवाजे का टायलेट, वॉश बेसिन टूटा-फूटा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

अपने हक की आवाज बुलंद करना कोई गुनाह नहीं है, पर शासन-प्रशासन और नगर निगम इस बात से इत्तेफाक नहीं रखता। तभी तो शहर से 17 किलोमीटर दूर नवा रायपुर के तूता गांव में ऐसी जगह पर धरनास्थल बनाया गया है, जहां प्यास लगे तो पीने को साफ पानी नहीं, टायलेट जाना हो तो ढंग का शौचालय नहीं।

विश्राम के लिए प्रतीक्षालय तो है, पर वहां न लाइट है न पंखा। बिना दरवाजे का टायलेट और बिना नल का वॉश बेसिन, यह अजब नजारा तूता के धरनास्थल पर नजर आता है। हरिभूमि ने भुक्तभोगियों से बातचीत की तो उनकी पीड़ा इस तरह छलक उठी।

### सांप-बिच्छू के बीच धरना : गीता

पति की असमय मौत के बाद रोजी-रोटी की चिंता से जूझ रही दिवंगत पंचायत शिक्षक की बेवा गीता जुर्री ने बताया कि 18 दिनों से गांव कसवाही कांकेर से तूता आकर धरने पर बैठी हैं। 2017 में पति की अचानक मौत हो गई, वे गांव में पंचायत शिक्षक थे। छोटा बच्चा स्कूल में पढ़ रहा है। परिवार का गुजर-बसर मुश्किल हो गया है, इसलिए अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर यहां धरना पर बैठी हैं। धरनास्थल पर सांप-बिच्छू के बीच रात गुजारने में डर लगता है, पर जिसका सहारा छिन गया हो, वे क्या करें?



### 8 साल से अनुंकपा के लिए भटक रही : हेतरानी



गांव पिसदा बालोद की हेतरानी पिसदा के पति कवर्धा में पंचायत शिक्षक थे। साल 2016 में नौकरी में रहते हुए दिवंगत हो गए। अनुकंपा नियुक्ति के लिए वे पिछले 8 साल से भटक रही हैं। 19 दिन हो गए पंडाल में रहते, यही सबके लिए खाना बनता है। रात को यहीं पर सो जाते हैं। हेतरानी ने बताया कि यहां उनकी ही तरह कांकेर, राजनांदगांव, बालोद जिले से महिलाएं और उनके परिजन आए हुए हैं, जो रात को धरनास्थल पर ही रहते हैं। पेट भरने घर से राशन-पानी लेकर आए हैं। पंडाल में गैस चूल्हे पर खाना बनता है।

### यहां का टायलेट टूटा-फूटा है, नहाने की जगह नहीं, इसलिए तालाब जाते हैं

गांव कुसमकसा बालोद की रेखा नायक ने बताया कि उनकी साथी महिलाएं रोज सुबह होने से पहले ही उठ जाती हैं, क्योंकि धरनास्थल का टायलेट बेहद गंदा और टूटा-फूटा है। टायलेट के एंट्री पाइंट में दरवाजा ही नहीं है, इसलिए वे गांव के पास के तालाब जाती हैं। यहां प्रसाधन की सुविधा रहती तो ऐसी नौबत नहीं आती। शर्म की बात है कि प्रदेश की राजधानी का धरनास्थल मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।



### डीएड बीएड प्रशिक्षितों ने ये कहा

#### रोज आना-जाना



धमतरी की सुनंदिनी साहू का कहना है, रोज आना-जाना करती हूं, क्योंकि यहां पर रुकने के लिए व्यवस्था नहीं है। शाम ढलने के बाद यहां रहने में डर लगता है। वेटिंग रूम बना है, पर वहां दरवाजा तक नहीं है।

#### बाहर वाले आखिर क्या करें ?



दुर्ग की शिखा चौहान का कहना है, स्थानीय लोग तो प्रदर्शन के लिए यहां आ सकते हैं, पर जो शहर से बाहर रहते हैं, उनके लिए इतनी दूर धरनास्थल पर आना बहुत मुश्किल होता है, आखिर क्या सोचकर यहां पर धरनास्थल बनाया?

#### बहुत दिक्कत है यहां



बिलासपुर से आई मधु यादव ने बताया कि वे रोज बिलासपुर से धरनास्थल आना-जाना करती हैं, क्योंकि यहां वॉशरूम बहुत गंदा है, कभी सफाई ही नहीं होती, धरनास्थल वाली जगह असुरक्षित है। तकलीफ ज्यादा है, पर अपने हक के लिए यहां आती हैं।

# चलाया सफाई अभियान, स्वच्छता के प्रति सजग रहने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तर विधानसभा अंतर्गत गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के तहत नगर निगम द्वारा आयोजित श्रमदान कार्यक्रम केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के उपस्थिति में हुआ।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्री साहू और उपमुख्यमंत्री श्री साव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर से प्रारंभ हुआ है, जिसमें सरकार ने तय किया है कि हम सभी मिलकर शहर, अपने गांव, गली-मोहल्लों को स्वच्छ बनाएंगे, जिससे एक शुद्ध और साफ वातावरण का निर्माण हो। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश व समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि स्वच्छता के क्षेत्र में देश को नंबर वन बनाना है, इस दिशा में हम सबको कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहने, समय देने तथा श्रमदान कर स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने स्वच्छता ही सेवा के लिए शपथ दिलाई।

- केंद्रीय राज्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विधायक ने भी हाथों में झाड़ू लेकर की साफ-सफाई



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जोन 3 के अध्यक्ष प्रमोद साहू, भाजपा प्रवक्ता नलिनीश ठोकने, भाजपा प्रवक्ता उमेश घोरमोड़े, मंडल अध्यक्ष अनूप केलकर, गोरेलाल नायक, सुनील कुकरेजा, संतोष साहू, पार्षद रोहित साहू, पार्षद सुमन राम प्रजापति, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा संतोष साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री अर्पित सूर्यवंशी, महामंत्री सुधीर चौबे, हरीश सिंह, गुणनिधि मिश्रा, राधेश्याम बाघ, अनीता महानंद, मीना सेन, विकास गुप्ता, भरत कुंडे, गोकुल थानापति, जितेंद्र साहू सहित भाजपा एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक हों

विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और विकसित समाज की ओर बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इसी तरह केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी हाथों में झाड़ू लेकर साफ-सफाई की।

## गोमाता को सड़क दुर्घटना से बचाने पहनाई रेडियम की माला



**रायपुर।** गोमाता को सड़क एक्सीडेंट से बचने के लिए दीनदयाल मित्र मंडल द्वारा सरोना से डीडीनगर तक रविवार को 50 गोमाता को रेडियम की माला पहनाया गई। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि शहर के रिंगरोड पर हमेशा अंधेरा होने के कारण गोमाता के एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती हैं। 112 या अन्य नागरिकों से सूचना मिलती थी, जिसे बचने के लिए रेडियम की माला पहनाई है। इस गोसेवा कार्य को देखते हुए भागवताचार्य पं. अनिकेत कृष्णा शास्त्री ब्रिज बिहारी महाराज ने भी साथ मिलकर गोमाता को रेडियम की माला पहनाई। इस कार्य में संस्था प्रमुख अमित पांडे, रुस्तम पाटिल, संदीप शर्मा, करण सूना, प्रमोद, अजय रजक एवं कुशल सेन उपस्थित थे।

# शहर में पहली बार दिखाए जाएंगे सेना के हथियार और उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में इंडियन आर्मी के टैंक और हेलीकॉप्टर से कमांडोज जंप लगाते हुए दिखाई देंगे। युद्ध क्षेत्र में सेना कैसे अपना ऑपरेशन करती है, इसका डेमो दिया जाएगा।

सेना के आधुनिक हथियार की जानकारी दी जाएगी। इसका आयोजन जिला प्रशासन और इंडियन आर्मी के सहयोग से 5-6 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने भारतीय सेना के जवानों की टीम रविवार की सुबह रायपुर पहुंची। इस दौरान कलेक्टर तथा जिला प्रशासन ने भव्य स्वागत किया। सशस्त्र सैन्य समारोह में भारतीय सेना के बारे में युवाओं को आम नागरिकों को जानने का मौका मिलेगा।

### जवानों का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत



### सेना के हथियार और उपकरण दिखाए जाएंगे

यह छत्तीसगढ़ में होने वाला अनोखा आयोजन है। इसमें आम जनता को सेना के बारे में करीब से जानने का मौका मिलेगा। स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स को इसे दिखाने की व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थल पर भारतीय सेना के हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन होगा। इनमें की टैंक्स, इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, आर्टिलरी गन्स और एयर डिफेन्स गन्स दिखाई जाएंगी। कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन 5 अक्टूबर की शाम सेना के बैंड द्वारा दीनदयाल उपाध्याय सभागार में एक भव्य म्यूजिकल शो का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें जबलपुर और वाराणसी से आए मिलिट्री बैंड्स शामिल होंगे।

- 5 व 06 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होगा सशस्त्र सैन्य समारोह

# नवरात्रि पर डोंगरगढ़ में 10 एक्सप्रेस का स्टॉपेज, तीन रद्द मेमू बहाल, यात्रियों के लिए अतिरिक्त कोच भी

- नवरात्रि पर्व को लेकर रेलवे ने डोंगरगढ़ स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का बढ़ाया स्टॉपेज
- 10 दिनों तक दुर्ग-गोंदिया ट्रेन रायपुर तक चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाते हैं। ट्रेन में सफर के दौरान भक्तों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस बार रायपुर से डोंगरगढ़ तक जाने हर दो घंटे में यात्रियों को ट्रेन मिलेगी। लौटने के लिए रात में 3 बजे तक ट्रेन उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं के लिए 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ में दिया गया है।

रद्द तीन मेमू ट्रेनों को री-स्टोर किया गया है, वहीं चार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की सुविधा से नागपुर, गोंदिया और बिलासपुर समेत दूसरे राज्य के यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। डोंगरगढ़ में 3 से 12 अक्टूबर तक अस्थायी ठहराव रहेगा।

### डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में ट्रेनों का ठहराव

- 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस
- 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस
- 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस
- 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस
- 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
- 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस



*इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन*

*दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें लगभग 6000 फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी।*

*रद्द मेमू स्पेशल ट्रेन री-स्टोर : 2 से 12 अक्टूबर तक 3 मेमू स्पेशल ट्रेनों को अस्थायी तौर पर री-स्टोर किया गया है। 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर 2 से 12 अक्टूबर तक अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर और 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर समयानुसार चलेगी। इसके अलावा 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस में 2 से 12 अक्टूबर तक एक द्वितीय श्रेणी कोच लगाया गया है। यह सुविधा 12240 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस, 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी और 12856 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस में भी मिलेगी।*

### यात्रियों को मिलेगी स्पेशल ट्रेन की सुविधा

इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ के अवसर पर 6 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा, जिनमें 08893 गोंदिया-सांतरागाछी दुर्गा पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए-गोंदिया से 4 एवं 9 अक्टूबर, 08894 सांतरागाछी-गोंदिया, दुर्गा पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए-सांतरागाछी से 5 एवं 10 अक्टूबर, 08895 गोंदिया-छपरा छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08896 छपरा-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए छपरा से 4 एवं 5 नवंबर, 08897 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08898 पटना-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए पटना से 4 एवं 5 नवंबर शामिल हैं।

# पॉश इलाके में चोरों का धावा, दो घरों से उड़ाए 30 लाख के जेवर-नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार को जिन दो घरों में चोरी की घटना सामने आई थी, उन घरों से चोरों ने 30 लाख रुपए से ज्यादा कैश तथा ज्वेलरी चोरी की है। इनमें एक बीमा अधिकारी का घर है तथा दूसरा एक गमी कार्यक्रम में शामिल होने मुंबई गया हुआ था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक, चोरों ने हनुमान प्रदास दुबे तथा सुरेश बिजलानी के सूने मकान में धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। हनुमान बीमा सलाहकार हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वे काम पर चले गए थे। शाम को घर में काम करने वाली बाई ने कॉल कर हनुमान को बताया कि उनका तथा पड़ोसी सुरेश के घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर हनुमान ने घर पहुंचकर देखा तो अज्ञात चोर घर के आलमारी में रखे नकदी एक लाख 82 हजार रुपए चोरी कर ले गया है।


राजेंद्र नगर, सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े पांच घरों के ताले टूटे

### चोरी की सूचना मिली तो फ्लाइट से पहुंचा पड़ोसी

हनुमान ने अपने पड़ोसी सुरेश को उनके घर में चोरी होने की सूचना दी, जिसके बाद सुरेश शनिवार सुबह मुंबई से फ्लाइट का सफर कर रायपुर पहुंचा। घर पहुंचने के बाद सुरेश ने देखा कि घर की आलमारी खुली हुई है। अज्ञात चोर आलमारी के लॉकर में रखे डायमंड नेकलेस, डायमंड रिंग, सोने के जेवर और नकदी उड़ा ले गया है। सुरेश ने डायमंड के जेवर 35 वर्ष पूर्व खरीदे थे।

**खबर संक्षेप**



### चाकू लहराकर दहशत फैलाते बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** धारदार चाकू के साथ आरोपी ओमप्रकाश उर्फ कृष्णा गिरफ्तार हो गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उमिया मार्केट भनपुरी में एक बदमाश चाकू लहराते हुए आने-जाने वालों को डरा-धमका रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो एक बदमाश अपने हाथ में चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा था, जिसे पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम ओमप्रकाश उर्फ कृष्णा निवासी डेरापारा रावांभाठा थाना खमतराई बताया। आरोपी के विरुद्ध थाना खमतराई में आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर केस दर्ज किया गया।

### डिप्टी सीएम साव बोले- नशामुक्ति अभियान चलते रहना चाहिए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नशामुक्ति अभियान जैसे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा है कि इस तरह के अभियान सतत चलने चाहिए, इससे नशे की गिरफ्त में जो लोग आ रहे हैं, उनकी संख्या में भी कमी आएगी। श्री साव ने यह भी अपील की कि जिसे नशे की आदत है, वह स्वस्फूर्त नशा छोड़ने का प्रयास करे और जब तक नशा न छूट जाए, वह किसी के सामने भी नशा करने से बचे, ताकि उसकी वजह से कोई और नशे के लिए दुष्प्रेरित न हो। श्री साव रविवार को राजधानी के वृंदावन हॉल में शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल महाराज के सान्निध्य और अमित चिमनानी के संयोजन में समाज प्रमुखों की पहल में आओ मिलकर स्वस्थ छत्तीसगढ़ बनाएं, प्रदेश के युवाओं को नशे से मुक्त कराएं' अभियान को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित कई सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख उपस्थित रहे।

### राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ की अध्यक्ष बनीं अल्पना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें डॉ. अल्पना घोष निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गईं। उपाध्यक्ष पद पर किरण खरे एवं कोषाध्यक्ष अनिल कुमार पाठक निर्वाचित हुए। इसी तरह सचिव सचिन शर्मा एवं संयुक्त सचिव पद पर भुवनेश्वर नायक चुने गए। छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ द्वारा कन्वेंशन हॉल न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइंस में सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वित्त सचिव शारदा वर्मा एवं अध्यक्षता संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन रितेश कुमार अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सचिव वित्त शारदा वर्मा ने वित्त विभाग को राज्य शासन की रीढ़ बताते हुए राज्य वित्त सेवा के संवर्धन में संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला। संचालक ने वित्त विभाग में लागू की जा रही डिजिटल प्रणाली के महत्व पर जानकारी दी।

# राशन दुकान संचालकों का धरना आज, कमीशन बढ़ाने समेत कई मांगें लंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ के 15 हजार शासकीय राशन दुकान संचालक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 1 अक्टूबर को धरना देंगे। उनकी छह सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले दिनों खाद्य संचालक के साथ हुई बैठक में कुछ मांगों पर सचिव से चर्चा कर निर्णय लेने की बात कही गई थी। अब तक इस संबंध में सूचना न दिए जाने पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर करेंगे। उनके मांगों का समर्थन करते हुए आल इंडिया फेयर प्राइज शॉप डीलर फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव विशंभर बासु भी प्रदर्शन में शामिल होंगे।

शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल से संचालक खाद्य द्वारा उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक चर्चा की गई, पर ठोस निर्णय नहीं होने की वजह से संघ हड़ताल पर जा रहा है। प्रदेश की राशन दुकानों में कई समस्याएं हैं, इनमें प्रदेश की सभी दुकानों को इलेक्ट्रॉनिक मशीन ट्रायल में ई-पॉस मशीन से राशन वितरण के लिए बाध्य किया गया। ई-पॉस मशीन की गुणवत्ता बहुत खराब है, इससे दिक्कत होती है। सुधार करने के लिए उचित व्यवस्था व इंस्ट्रूमेंट नहीं हैं। हर महीने सर्वर की समस्या से राशन वितरण प्रभावित होता है। नई सरकार आने के बाद विगत पांच माह से राशन आवंटन में अनियमितता के कारण भंडारण और वितरण व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। भंडारण वितरण में गड़बड़ी के कारण राशन में कमी हो रही है। उनकी मांग है कि राशन का आवंटन भी ई-पॉस मशीन के माध्यम से किया जाए और दुकानदारों को 2 प्रतिशत क्षतिपूर्ति दी जाए। उनकी हड़ताल के कारण राज्य के 72 लाख परिवारों का राशन वितरण प्रभावित होने की संभावना है।

## 15 हजार दुकानों से 72 लाख परिवारों को मिलता है राशन

### कोरोनाकाल में मुफ्त बंटवाया राशन, नहीं लौटाई राशि

कोरोनाकाल में राशन दुकानदारों से कुछ माह डीडी लेकर फ्री में राशन वितरण कराया गया। दुकानदारों की उक्त राशि को अब तक विभाग ने नहीं लौटाया और न ही समायोजन किया है। यह राशि प्रति दुकान 30 हजार रुपए से अधिक है। उक्त राशि लौटाने के संबंध में भी संघ ने विभाग पर दबाव बनाया है।




### कमीशन बढ़ाने की मांग

राशन दुकान संचालकों को अभी भी 20 साल पहले तय की गई कमीशन राशि दी जा रही है। उन्हें प्रति क्विंटल के पीछे 30 रुपए मासिक कमीशन मिलता है। अन्य राज्यों में कमीशन बढ़ाया जा चुका है। दिल्ली में प्रति क्विंटल के पीछे 90 रुपए कमीशन दिया जा रहा है। उनकी मांग है कि छत्तीसगढ़ में संचालकों का शोषण हो रहा है। उन्होंने कमीशन की राशि बढ़ाकर 250 रुपए मासिक करने की मांग की है। वहीं सहकारिता समूह के विक्रेताओं को 30 हजार रुपए मासिक मानदेय देने की मांग की है। खाद्य विभाग के अधिकारी कमीशन को लेकर किसी तरह का आश्वासन नहीं दे पा रहे हैं। मामला सरकार के स्तर पर ही रखे जाने के बाद निर्णय हो पाने की बात कह रहे हैं।

## मध्यप्रदेश के लिए बस संचालित करने फेयर पॉलिसी बनने के बाद दौड़ेंगी बसें

# इंटरस्टेट बसों के संचालन के लिए अब महाराष्ट्र, तेलंगाना के अफसरों से संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

परिवहन विभाग के अफसर राजस्व वृद्धि के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर पड़ोसी राज्यों के परिवहन अफसरों से संपर्क कर इंटरस्टेट बस संचालित करने मसौदा तैयार कर रहे हैं। डेढ़ दशक के बाद मध्यप्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ सरकार ने इंटरस्टेट बस संचालित करने एमओयू किया है। परिवहन विभाग के अफसरों के मुताबिक, फेयर पॉलिसी बनने के बाद मध्यप्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा शहरों के लिए छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश की बसों का संचालन किया जाएगा।

- इंटरस्टेट बसें संचालित होने से राजस्व वृद्धि का अनुमान

परिवहन विभाग के अफसरों का कहना है, मध्यप्रदेश के साथ इंटरस्टेट बस संचालन करने एमओयू करने के बाद अब तेलंगाना, महाराष्ट्र तथा उत्तरप्रदेश तक बसें चलाने परिवहन विभाग के अफसर संबंधित राज्यों के परिवहन अफसरों से बातचीत कर रहे हैं। तेलंगाना, महाराष्ट्र तथा उत्तरप्रदेश के परिवहन विभाग के अफसरों के साथ राज्य के परिवहन विभाग के अफसरों की दो दौर की बातचीत हो चुकी है।



**चर्चा कर रहे :** आम यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार करने मध्यप्रदेश के साथ इंटरस्टेट बस चलाने एमओयू किया गया है। पड़ोसी राज्य तेलंगाना, उत्तरप्रदेश तथा महाराष्ट्र में भी इंटरस्टेट बसें संचालित करने अनुबंध किया जाएगा। इसके लिए संबंधित राज्यों के परिवहन अफसरों से चर्चा की जा रही है।
**- डी. रविशंकर,** अतिरिक्त परिवहन अधिकारी

### तीर्थस्थलों के लिए सीधी बस सेवा

उत्तरप्रदेश के लिए बसें संचालित करने तीर्थस्थलों को ध्यान में रखते हुए मसौदा तैयार किया जा रहा है। इनमें प्रयागराज के साथ ही अयोध्या, मथुरा, काशी, बनारस रूट को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग के अधिकारी इंटरस्टेट बसें संचालित करने रूट प्लान तैयार कर रहे हैं। वर्तमान में रायपुर, बिलासपुर तथा अंबिकापुर से बनारस तथा प्रयागराज के लिए सीधी बस सेवा है।

### यात्री सुविधा के साथ कारोबार को बढ़ावा

मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना में सीधी आवाजाही करने ट्रेन रूट ज्यादा सुविधाजनक है। ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते इन राज्यों में लंबी दूरी के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही कारोबार भी प्रभावित होता है। पड़ोसी राज्यों तक बसें चलाने से यात्रियों को सुविधा तो होगी ही, साथ ही कारोबार को बढ़ावा भी मिलेगा।

### ज्यादातर इंटरस्टेट बस टूरिस्ट परमिट में

*ओडिशा को छोड़ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र के लिए वर्तमान में जिन बसों का संचालन हो रहा है, वे टूरिस्ट परमिट पर संचालित हो रही हैं। एमओयू होने के बाद उन राज्यों में बस संचालित करने रेट पॉलिसी बनेगी। इसके अलावा परिवहन विभाग इंटरस्टेट बस संचालित करने जो परमिट जारी करेगा, उसमें अलग से टैक्स मिलेगा। टूरिस्ट परमिट में टैक्स की दर कम होने से परिवहन विभाग को राजस्व का नुकसान होता है।*

### एमपी के इन प्रमुख शहरों तक बसों का संचालन

*मध्यप्रदेश में इंटरस्टेट बस संचालित करने जो एमओयू किया गया है, उसके मुताबिक, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, मंडला, छिंदवाड़ा, अमरकंटक मार्ग शामिल हैं। मध्यप्रदेश के लिए रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, जगदलपुर से बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है, मध्यप्रदेश के 53 रूट पर बसें संचालित करने एमओयू किया गया है।*

# अमेजन और फ्लिपकार्ट के खिलाफ व्यापारियों का देशव्यापी अभियान शुरू




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से दिल्ली में 2 दिवसीय राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के समापन अवसर पर निर्णय लेकर कैट के नेतृत्व में अमेजन और फ्लिपकार्ट के खिलाफ सीसीआई रिपोर्ट के मद्देनजर देशव्यापी अभियान चलाने की शुरुआत की गई।

- 2 दिवसीय राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन के समापन अवसर पर निर्णय

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट, जो अमेजन और फ्लिपकार्ट की गंभीर प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं को उजागर करती है, उसे ध्यान में रखते हुए देशभर के व्यापारी कैट के नेतृत्व में इन कंपनियों के खिलाफ तुरंत कारवाई करने की मांग के लिए एक बड़े देशव्यापी अभियान की शुरुआत करने जा रहे हैं। यह निर्णय रविवार को नई दिल्ली में कैट द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापार शिखर सम्मेलन के समापन पर लिया गया।

शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और कैट सलाहकार स्मृति ईरानी ने भारतीय अर्थव्यवस्था में छोटे व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, छोटे व्यापारी वर्तमान में भारतीय खुदरा बाजार का 90 फीसदी हिस्सा बनाते हैं और देश के निर्यात में 45 फीसदी का योगदान करते हैं। इसलिए निर्यात को बढ़ावा देने और व्यापारियों के लिए व्यापार करने में आसानी को सुधारने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# सितार-वायलिन के लिए शिक्षक नहीं मिलने से कोर्स बंद, मानदेय शिक्षक बचा रहे विधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी के युवाओं को संगीत की तालीम देने के लिए दो महाविद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इनमें शिक्षकों के खाली पदों को भरने की कवायद 19 साल से बंद है। इससे दोनों कॉलेजों में संगीत सिखाने वाले शिक्षकों की कमी भी देखने को मिल रही है। प्रबंधन गायन, वादन और नृत्य की विधा बचाने के लिए मानदेय पर शिक्षकों को रखकर संगीत की शिक्षा दे रहे हैं। श्रीराम संगीत महाविद्यालय में तो सितार और वायलिन का कोर्स भी 10 साल से बंद है।

- राजधानी के दो संगीत महाविद्यालयों में नियमित शिक्षकों का टोटा, विद्यार्थी हुए कम

युवाओं को संगीत की अलग-अलग विधा में तराशने वाले शिक्षकों की कमी अरसे से रोड़ा बनी हुई है। जानकारी देने के बाद भी शासन-प्रशासन द्वारा संगीत महाविद्यालयों को नियमित शिक्षक नहीं मिलने से कोर्स बंद करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए अब संगीत की तालीम लेने के लिए युवा एडमिशन भी कम ले रहे हैं। जहां 1500 विद्यार्थी संगीत सीखने के लिए एडमिशन लेते थे, वहीं आधे विद्यार्थी महाविद्यालयों में बचे हैं। इससे संगीत में रुचि लेने वाले युवाओं को करियर बनाने के लिए स्कोप भी कम मिल रहा है। इसी तरह की स्थिति श्रीराम संगीत महाविद्यालय में भी है। यहां तो सितार व वायलिन वादन सिखाने के लिए शिक्षक ही नहीं बचे हैं। इन दोनों ही विधा से जुड़े शिक्षक नहीं मिलने से 10 साल पहले कोर्स बंद कर दिया गया, जो अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।




### श्रीराम कॉलेज में 224 विद्यार्थी ही बचे

बूढ़ापारा में संचालित श्रीराम संगीत महाविद्यालय का इससे भी बुरा हाल है। यहां कमाई का कोई दूसरा जरिया नहीं होने से कॉलेज प्रबंधन मानदेय देकर शिक्षक रखने में सक्षम नहीं है। इस कॉलेज में दो शिक्षक ही नियमित हैं, जबकि 4 लोगों को मानदेय के तहत रखा है। इनके प्रयास से गायन, वादन व नृत्य की विधा में पारंगत करने की पहल जारी है। विद्यार्थी पहले जहां 5 सौ से ज्यादा होते थे, वहीं अब 224 ही बचे हैं। इनमें सितार व वायलिन वादन की तालीम लेने वाले 60 विद्यार्थियों का कोर्स ही शिक्षक की कमी से बंद है।

### शासन सिर्फ जानकारी मांग रहा

शासन द्वारा हर साल कॉलेज में शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी मांगी जाती है, लेकिन अभी तक नियुक्ति की प्रक्रिया नहीं की गई है। इस वजह से मानदेय पर रखे गए शिक्षकों के भरोसे डिग्री व डिप्लोमा कोर्स पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

*- **विद्यानाथ सिंह,** प्रभारी प्राचार्य, कमलादेवी संगीत महाविद्यालय, रायपुर*

### दो विधाओं की तालीम 10 साल से बंद

आय सीमित होने से ज्यादा मानदेय देने की स्थिति में नहीं हैं। इसे देखते हुए अब नई सरकार से मिलकर संविदा शिक्षकों की मांग करूंगी। सितार व वायलिन को 10 साल पहले ही शिक्षकों की कमी से बंद किया, दोबारा शुरु करने प्रयास किया जाएगा।

*- **डॉ. राजश्री नामदेव,** प्रभारी प्राचार्य, श्रीराम संगीत महाविद्यालय, रायपुर*

# महाराष्ट्र मंडल ने सफाई अभियान चलाने दिलाई शपथ, मराठी मेला 19 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

महाराष्ट्र मंडल में 19 और 20 अक्टूबर को मराठी सोहला (मराठी मेला) का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दीपावली के अवसर पर इस मेले में विभिन्न सेगमेंट के बहुपयोगी स्टाल आकर्षण का केंद्र होंगे।

रविवार की शाम मंडल भवन में आयोजित बैठक में मराठी सोहला में होने वाले विभिन्न आयोजनों को अंतिम रूप दिया गया। इस मौके पर स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सभी कार्यकारिणी सदस्यों, पदाधिकारियों, केंद्रों की संयोजिकाओं-सह संयोजिकाओं को स्वच्छता की शपथ मालती मिश्रा ने दिलाई। साथ ही सभी ने गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को सुबह 8 बजे अनुपम गार्डन में सफाई अभियान चलाने पर सहमति जताई। मराठी सोहला के प्रभारी सचिव चेतन गोविंद दंडवते और महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि दो दिवसीय मराठी सोहला में लगभग 20 घंटे के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई है। इसमें दो बेहतरीन नाटकों के अलावा हर आयु वर्ग के लिए दिलचस्प प्रतियोगिताएं होंगी। स्पर्धा के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार के साथ प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। चेतन दंडवते के मुताबिक, पहली बार मराठी सोहला में आकाशदीप बनाने की प्रतियोगिता होगी। इससे पहले इच्छुक प्रतिभागियों के लिए आकाश दीया बनाने का प्रशिक्षण शिविर अजय पोतदार और शेखर क्षीरसागर आयोजित करेंगे। इस अवसर पर पर्यावरण समिति के समन्वयक अभय भागवतकर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

AGRASEN B.ED COLLEGE
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
APPOINTMENT

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree n Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and<br>2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and<br>3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and<br>4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR<br>1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and<br>2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree n Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agraseniti@gmail.com

### कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल हुए भूपेश कहा- छग में आम आदमी असुरक्षित

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में जारी कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा तीसरे दिन कसडोल विधानसभा के रोहांसी से रायपुर जिले के खरतोरा होते हुए भैंसा गांव प्रवेश कर गई। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल न्याय यात्रा में ग्राम लटेरा से शामिल हुए। लगभग 5 किमी तक वे पीसीसी अध्यक्ष के साथ पैदल चले। रविवार को कुल 29 किमी यात्रा की गई। कवर्धा के लोहारीडीह में जिनके परिजनों की हत्या हुई है तथा जो जेल में बंद हैं, उनके परिवार की महिलाएं भी न्याय मांगने यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यात्रा में जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है।

### ट्रेडिंग का झांसा देकर रेलवे के जेई से ठगे पौने सात लाख

**रायपुर।** मुजगहन थाने में रेलवे के जेई ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ ऑनलाइन ट्रेडिंग तथा आईपी इन्वेस्टमेंट में मुनाफा मिलने का झांसा देकर पौने सात लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, भुनेश्वर साहू ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। भुनेश्वर ने पुलिस को बताया कि अज्ञात जालसाज ने उसे अपने वाट्स एप ग्रुप में जोड़कर ऑनलाइन ट्रेडिंग तथा आईपी इन्वेस्टमेंट में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### एनएसएस स्वयंसेवकों ने शासकीय विद्यालय ढोलिया का किया भ्रमण

**बेमेतरा।** रेवेन्द्र सिंह वर्मा, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया, बेमेतरा के एनएसएस स्वयंसेवको द्वारा ग्राम ढोलिया के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता के प्रति स्कूल के छात्र-छात्राओं को परिसर की साफ-सफाई करके, कहानी तथा नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने अपने उदबोधन में स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि '' स्वच्छ शरीर मे ही स्वच्छ मस्तिष्क का विकास होता है''। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साक्षी बजाज ने सभी विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाते हुए कार्यक्रम के महत्व को बताया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बीएसपी में 70 प्रतिशत ठेका कार्य स्थानीय ठेकेदारों को मिले

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट कॉन्ट्रैक्टर वेलफेयर ऐसोसिएशन के लोग अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह के साथ ठेकेदारों ने सांसद विजय बघेल से मिलकर बीएसपी के भेदभावपूर्ण रवैये से उपजे असंतोष से अवगत कराते हुए मदद की गुहार लगाए जिससे कि वे अपनी आजीविका चला सके। श्री बघेल बीएसपी के निदेशक प्रभारी से फोन पर चर्चा कर शिकायत के जल्द निराकरण हेतु कहा। डायरेक्टर इंचार्ज ने उन्हे आश्वासन देते हुए तत्काल उचित कार्यवाही कर सम्मान पूर्ण हल निकलने का आश्वासन दिया। त्रिलोकी सिंह ने बताया कि, भिलाई के बाहर से स्थानांतरित होकर आये वरिष्ठ अधिकारी अपने साथ वहाँ के ठेकेदार को भी भिलाई ला रहे हैं। वे लोग बी एस पी के अलग अलग ट्रेड जैसे सिविल, मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल आदि के पंजीकृत ठेकेदार हैं तथा विगत 40 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। लेकिन कुछ वर्षों से बी एस पी कई अलग अलग ट्रेडों को जोड़ कर ठेका बड़ा कर देते हैं, जिससे स्थानीय ठेकेदार पात्रता से बाहर हो जाते हैं। जिसका फायदा बाहर के बड़े ठेकेदार उठा रहे है। बी एस पी के इस रवइये से स्थानीय ठेकेदार बेरोजगार हो रहे हैं। जाए।

### मजदूर नेता नियोगी के शहादत दिवस पर निकाला जुलूस

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा द्वारा आयोजित प्रसिद्ध मजदूर नेता और छमुमो के संस्थापक महासचिव शंकर गुहा नियोगी के शहादत दिवस और शहीद ए आजम भगत सिंह जयंती पर जामुल से जुलूस निकालकर शंकर गुहा नियोगी चौक तक मार्च करते हुए नियोगी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जनसभा का आयोजन किया। सभा को नेशनल डेमोक्रेटिक पीपुल्स फ्रंट (एनडीपीएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्यसत्ता द्वारा मजदूर नेता शंकर गुहा नियोगी की हत्या करवाई गई। बस्तर में फर्जी मुठभेड़ जारी हैं। जनवरी से अब तक 200 आदिवासियों की हत्या की जा चुकी है। क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब के प्रेस सचिव अवतार सिंह महमा ने कहा कि पंजाब के किसानों ने दिल्ली में किसानों की ताक़त सरकार को झुका दिया।

### अनाचार का आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने एक 12 साल के बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी मराठी मोहल्ला सुपेला का रहने वाला मयूरेश मेश्राम है। मयूरेश ने नाबालिक बालक को बहला फुसलाकर बिना जानकारी के अपने घर ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया।
प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा140(4) बीएनएस, 4 पाक्सो एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

## सुविधा : हरिभूमि की मुहिम और सांसद विजय बघेल की पहल रंग लाई

# बेमेतरा क्षेत्र में जल्द खुलेगा रेलवे आरक्षण केंद्र, लोगों को परेशानियों से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

खबर का असर

रेलवे आरक्षण काउंटर जिला मुख्यालय पर खोले जाने को लेकर नागरिकों मांग की जा रही थी। नागरिकों की इस आवाज पर हरिभूमि ने लगातार समाचार प्रकाशित करते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ साथ प्रशासन तक पहुंचाने की मुहिम चलाई। अंततः इस अभियान पर सफलता मिली और क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। जल्द ही जिला मुख्यालय में एक रेलवे आरक्षण केंद्र खुल जाएगा। इसके लिए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने बड़ी पहल की है। जनता की मांग पर सांसद ने कलेक्टर से इस विषय पर चर्चा कर चुके हैं। इसके लिए जिला मुख्यालय में एक सरकारी जमीन आरक्षित करने का निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन अपने स्तर पर जमीन की तलाश में जुट गया है। इसके साथ ही सांसद ने मंडल रेल प्रबंधक दपूम रेलवे रायपुर छत्तीसगढ़ संजीव कुमार को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से बेमेतरा जिला मुख्यालय में रेलवे आरक्षण केंद्र की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

सांसद विजय बघेल ने बताया कि दुर्ग जिले से अलग होने के बाद बेमेतरा जिला बनाया गया है। बेमेतरा जिला अलग बन गया है, लेकिन उस क्षेत्र में रेलवे सुविधा नहीं है। वहां ट्रेन नहीं चलती, लेकिन इस जिले में करीब 700 गांव हैं, जहां 10 लाख से ज्यादा आबादी रहती है। एक मात्र पोस्ट ऑफिस में रेलवे टिकिट काउंटर है जहां भी कर्मियों की के चलते आरक्षण करने आम जनों को परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों को ट्रेन से कहीं आना जाना हो तो इसके लिए उन्हें ट्रेन की टिकट खरीदने, रिजर्वेशन करने के लिए दुर्ग आना पड़ता है। या फिर ऑनलाइन करवाने के लिए टिकट दलालों के चक्कर में पड़ना पड़ता है। जिससे लोगों को अतिरिक्त राशि देनी पड़ती है, परेशानी अलग होती है।


प्रतिक्रिया : जिले के लोग पोस्ट ऑफिस में संचालित एकमात्र रेलवे टिकिट आरक्षण पर आश्रित
पोस्ट ऑफिस जूझ रहा कर्मचारियों की कमी से आमजन टिकिट आरक्षण कराने हो रहे परेशान
रेलवे आरक्षण काउंटर बेहद जरूरी : केशव


रेलवे टिकट के लिए जिलेभर में एकमात्र आरक्षण केंद्र, दूसरे की मांग



- सांसद ने मंडल रेल प्रबंधक दपूम रेलवे रायपुर छत्तीसगढ़ संजीव कुमार को लिखा पत्र

### सांसद की पहल पर, नागरिकों में हर्ष, जताया आभार

रेलवे टिकिट आरक्षण काउंटर खोले जाने की सांसद विजय बघेल द्वारा पहल किए जाने की जानकारी मिलते ही जिले के आमजनों व्यापारियों व सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने हर्ष जताते हुए सांसद विजय बघेल का आभार जताया। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पदाधिकारी केशव मोटवानी ने कहा कि सांसद की पहल उनकी जागरूकता को दर्शाता है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि सांसद विजय बघेल हमेशा क्षेत्र की समस्यों को पूरा करने जहां तत्पर रहते हैं। श्री सिन्हा ने बताया कि इस मांग पर को लेकर उनके निवास पहुंचकर अवगत कराया गया था, उन्होंने तुरंत रेल्वे अधिकारियों से चर्चा की और अनुशंसा पत्र लिखकर दिया। आरक्षण काउंटर खोले जाने पर नीरज चांडक, दिलीप बंटी चाचा, राकेश मोहन शर्मा, गौरव साहू, योगेश वर्मा, दीपक मोटवानी, विकास तंबोली, शिवम तिवारी, पार्षद नीतू कोठारी सहित क्षेत्र के राजनीतिक सामाजिक व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लोगों ने सांसद का आभार व्यक्त किया।

### जल्द ही रेलवे आरक्षण काउंटर खुलेगा : सांसद बघेल

रेलवे टिकिट आरक्षण से संबंधित जिले के आमजनों की समस्याओं से मुक्ति दिलाने के लिए सांसद विजय बघेल ने पहल की है। उन्होंने बताया कि रेलवे मंडल से भी इस विषय बातचीत हो चुकी है। जल्द ही क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। सांसद विजय बघेल ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि बेमेतरा जिले के आमजनों , व्यापारियों वर्ग रेलवे टिकिट आरक्षण से संबंधित समस्याओं से जूझ रहे इस बात की जानकारी मिलते ही मंडल रेल प्रबंधक दपूम रेलवे रायपुर छत्तीसगढ़ संजीव कुमार को पत्र लिखा गया है। शीघ्र मुख्यालय में रेलवे आरक्षण काउंटर खोला जाएगा। श्री बघेल ने यह भी बताया कि काउंटर खोले जाने के लिए रेलवे अधिकारी ने स्थान व दो कमरा युक्त भवन की आवश्यकता बताइ है, जिस पर कलेक्टर से उक्त व्यवस्था करने चर्चा की गई है। जनता की भावनाओं के आधार पर इस मांग को पूरा किया जाएगा।

### अभी केवल पोस्ट आफिस में है सुविधा, वहां होती है परेशानी

उल्लेखनीय है कि जिलेवासी लंबे समय से रेलवे टिकिट आरक्षण की तकलीफों ओर परेशानियों से निजात दिलाने मांग कर रहे थे। हालांकि स्थानीय पोस्ट ऑफिस में रेलवे टिकिट काउंटर स्थापित है, परंतु इसका लाभ आमजनों को नहीं मिल पा रहा था। पोस्ट ऑफिस में कर्मियों की कमी के साथ ही अप्रशिक्षित होना भी एक कारण सामने आ रहा था। इसका फायदा टिकिट दलाल जमकर उठा रहे हैं। बहरहाल सांसद विजय बघेल की सक्रियता से अब लोगों को इस परेशानियों से जल्द ही निजात मिलेगी।

## सद्बुद्धि व सत्कर्म के माध्यम से होगा युग परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

- शांतिकुंज हरिद्वार से आ रही अखण्ड ज्योति कलश यात्रा को लेकर नवागढ़ में हुई चर्चा

शांतिकुंज हरिद्वार से आ रही अखण्ड ज्योति कलश यात्रा का नवागढ़ क्षेत्र में भव्य स्वागत किया जाएगा। इस संबंध में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे शशांक चिंचोलकर के मार्गदर्शन में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

उन्होंने ज्योति कलश यात्रा की योजना, स्वरूप एवं कार्यक्रम के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री चिंचोलकर ने कहा कि शांतिकुंज से जुड़े साधक जाग्रत आत्माएं हैं। ज्योति कलश रथ यात्रा निकालकर पूरे भारतवर्ष के हर शहर, गांव, मोहल्ला तक पहुंचाना एक लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि युग परिवर्तन अवस्यंभावी है, जो सद्बुद्धि एवं सत्कर्म (गायत्री और यज्ञ) के माध्यम से ही सुनिश्चित है। साथ ही जन-जन तक गायत्री और यज्ञ (सद्बुद्धि एवं सत्कर्म) के राह पर मानव जाति को जोड़ना है। जिला संयोजक डॉ खोमराम साहू ने ज्योति से ज्योति जलाएंगे, देश को जगाएंगे और दुनिया को जगमगाएंगे स्लोगन के जरिए सभी को जागरूक किया। ब्लॉक समन्वयक बीके वर्मा ने कहा कि ज्योति कलश यात्रा का स्वरूप और व्यवस्थाओं पर विस्तृत जानकारी दी। मिलाप राम साहू ने कहा कि आज की सबसे बड़ी समस्या नशा है सभी अपराधों की जड़ नशा है। व

यसन मुक्ति जन जागरूकता अभियान स्कूल, कॉलेज और गांवों में चलाया जा रहा है, जिससें युवाओं को व्यसन से बचाकर सृजन में लगाया जा सकता है। इस दौरान रामकिंकर ठाकुर, वीरेन्द्र जायसवाल, प्रेमु साहू, मनीष साहू शांतिलाल साहू, अर्जुन साहू, बीआर हिरवानी, बबलू ताम्रकार, दर्शन कुमार, लक्की खुराना, गुरमीत खुराना, डॉ सुभाष वर्मा सहित अनेक परिजन उपस्थित रहे।



### बालोद में श्रीमद् श्रीदेवी भागवत कथा 3 से

**बालोद।** नवरात्रि के अवसर पर नगर के दुर्गा मंदिर समिति गंजपारा द्वारा श्रीमद् श्रीदेवी भागवत कथा का आयोजन 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक बिलासपुर की कथा वाचिका व्यास रूचिता तिवारी विविध प्रसंगों पर कथा सुनाएंगी। समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। कथा स्थल श्री महादेव भवन गंजपारा बालोद है। पहले दिन सुबह 9 बजे गणेश मंदिर से महादेव भवन तक कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं, नवरात्रि के अवसर पर 3 अक्टूबर को सुबह 11:36 बजे ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। मंदिर में प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे आरती और शाम 7 बजे आरती के साथ माता सेवा प्रतिदिन गंजपारा में होगा।

## आत्मानंद स्कूल मारो में हुआ स्वच्छता मैराथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मारो

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मारो में सीएमओ आर.एल. सुधाकर के निर्देशन एवं प्राचार्या सरिता गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छता मैराथन का आयोजन किया गया। व्याख्याता कपिल साहू के नेतृत्व में एनएसएस के छात्रों व स्कूल के छात्र-छात्राओं, स्वच्छता कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस स्वच्छता मैराथन के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के महत्व एवं लाभ से अवगत कराया गया तथा छात्रों में स्वच्छता के विषय में समझ उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही अपने आसपास विद्यालय परिसर तथा घरों में स्वच्छता रखने का संदेश दिया गया। सभी को समझाया गया कि स्वच्छता हम सभी का नैतिक दायित्व है और हमें इसे पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए एवं अपने आसपास के नागरिकों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

### तालाब में मिली युवक की लाश

**डौडीलोहारा।** समीप के ग्राम भालूकोन्हा के एक 45 वर्षीय युवक राजकुमार गोरे की ग्राम के ही शीतला तालाब में डूबने से मौत हो गई। मौत का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है। टीआई एलपी जायसवाल ने बताया कि रविवार को देर शाम तक राजकुमार के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने इधर उधर पतासाजी की। रात्रि हो जाने के कारण पता तलाशी बन्द की गई। घर वालों ने सोचा कि कहीं गया होगा, सुबह तक आ जाएगा। सोमवार को सुबह जब लोगों की आवाजाही शुरू हुई और लोग तालाब की ओर आवश्यक कार्य के लिए गए, तब तालाब के किनारे चप्पल व कपड़े को ऐसा ही पड़ा हुआ देखा। इसकी सूचना ग्राम कोटवार को दी गई।

## वृहद ऑयल पॉम पौधारोपण अभियान के तहत ग्राम रेवे में लगाए गए पौधे

**बेमेतरा।** रविवार को वृहद ऑयल पॉम पौधा रोपण अभियान 15 जुलाई से 30 सितंबर के तहत ग्राम रेवे (बेरला) में ऑयल पाम कृषक संगोष्ठी एवं पौधारोपण के तहत कृषक प्रीतम चंदेल के फार्म में 10 एकड़ जमीन में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने पौधा रोपण किया। उन्होंने बताया कि ऑयल पाम योजना, केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिससे हमारा देश खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। कृषकों को लंबी अवधी की फसल जिसे बार-बार लगाने की आवश्यकता न हो व जिसकी खरीदी निश्चित हो उसे अपनाना चाहिए। ऑयल पाम फसल लगाकर न केवल कृषक अधिक आमदनी कमा सकते हैं, अपितु खाद्य तेलों का आयात कम करने में सहयोग कर देश की सेवा में सहभागी बन सकते हैं। इस योजना को बढ़ावा देने हेतु कृषक अपने ही जमीन में ऑयल पाम का रोपण करवायें और अधिक से अधिक किसान भाइयों को इस योजना को अपनाने की बात कही गयी है। **प्रथम 4 वर्ष तक दी जाती है राशि:** जिले के उद्यानिकी विभाग के अधिकारी हितेन्द्र कुमार मेश्राम सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि ऑयल पाम योजना, केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की संयुक्त परियोजना है। इसका उद्देश्य खाद्य तेलों में भारत को आत्मनिर्भर बनाना व कृषकों की आय में वृद्धि करना है। अतः इस योजना के प्रचार-प्रसार के लिए उद्यान विभाग द्वारा वृहद ऑयल पॉम पौध रोपण अभियान चलाया जा रहा है। योजनान्तर्गत बेमेतरा जिले में इस वर्ष 200 हेक्टेयर का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उद्यान विभाग द्वारा अनुबंधित संस्था 3-एफ ऑयल पॉम द्वारा कृषकों को उच्च गुणवत्ता के पौधे उपलब्ध कराना, तकनीकी मार्गदर्शन प्रदाय करना व उपज की खरीदी शासन द्वारा निर्धारित दरों पर करना है। उन्होंने बताया कि ऑयल पॉम योजना अंतर्गत कृषकों को प्रथम चार वर्ष तक अन्तर्वतीय फसल एवं रखरखाव के लिए 10300 रूपए प्रति हेक्टेयर दिया जाता है।




### खम्हरिया एम में सीसी रोड के लिए हुआ भूमिपूजन

**बेरला।** जनपद पंचायत बेरला में आने वाले ग्राम पंचायत खम्हरिया एम में जनपद विकास निधि से सीसी रोड निर्माण कार्य को लेकर भूमिपूजन किया गया। इसमें जनपद सदस्य प्रतिनिधि लीलाराम साहू, ग्राम पंचायत सरपंच दिलहरण साहू, ग्रामीण पूर्णानंद साहू, बाँके साहू, सितु साहू, भीम साहू, गोपी निषाद, राजेन्द्र निषाद सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रहे। साथ ही बहु प्रतीक्षित मांग को जनपद सदस्य अमरीका साहू ने पूरा किया, जो कि शिव मंदिर से स्कूल होते हुए मेन रोड तक कीचड़ से निजात मिलेगी। इससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त हुए। ग्रामीणों ने बताया कि शिव मंदिर से लेकर स्कूल तक कीचड़युक्त से सालों से परेशानियों को झेलना मजबूर बन गई थी। वहीं, कई सालों से मांग करते आ रहे हैं। इस समस्या को जनपद सदस्य संज्ञान में लेते हुए जनपद विकास निधि से सीसी रोड निर्माण कार्य को लेकर भूमिपूजन किया गया।



### पुलिस अधीक्षक ने श्रीफल, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मान

## सहायक उप निरीक्षक सुभाष सिंह हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पुलिस विभाग में कार्यरत सहायक उप निरीक्षक सुभाष सिंह के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में उन्हें भाव पूर्ण विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सहायक उप निरीक्षक सुभाष सिंह के स्वस्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि अब वे अपने परिवार को भरपूर समय दे पाएंगे।

उल्लेखनीय है कि सउनि सिंह ने पुलिस विभाग में लगभग 40 वर्ष तक अपनी सेवाएं दी। इस दौरान सउनि सिंह दुर्ग एवं बेमेतरा जिले के विभिन्न थाना/चौकी में अपनी सेवा प्रदान की। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। एसपी श्री साहू ने कहा कि पुलिस विभाग में सेवा के दौरान अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अपने सेवा के दौरान सुभाष सिंह ने मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई सेवा के दौरान अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए सउनि पद पर पहुंचे। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग में शालीन एवं मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई गृह विभाग में संवेदनशील होकर ड्यूटी करना पड़ता है। इसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया। पुलिस परिवार की ओर से हम उनके स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना करते है। ज्ञात हो कि सउनि सुभाष सिंह सन 1984 में आरक्षक के पद पर जिला दुर्ग में भर्ती हुए थे। श्री सिंह ने 40 वर्ष के अपने सेवाकाल के दौरान अपने खट्टे मीठे अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं स्टाफ से मिले भरपूर सहयोग से अपनी ड्यूटी तत्परतापूर्वक निभाई इसके लिए उन्होंने अपने स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर मुख्यलिपिक उनि (अ) हरिओंम विश्वकर्मा, उनि (अ) प्रदीप देशमुख, स्टेनो सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, सउनि (अ) संतोष सोनवानी, लुमेश देवागन, महेन्द्र भुआर्य, दीपक गर्जेलवाल, प्रवीण लोहले, एसपी रीडर विष्णु सप्रे,सउनि राजेन्द्र सिंह, सउनि सुभाष सिंह के साथ उनकी पत्नी लक्ष्मी राजपूत, बेटी वर्षा सिंह, बेटा प्रशांत सिंह एवं अन्य परिजन एवं पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



